Patient & Family Guide

2024

# आपकी आपातकालीन विभाग विज़िट

**हमारा लक्ष्य आपको घर पहुँचाना है।**

Also available in English: WA85-1845
*Your Emergency Department Visit*

www.nshealth.ca

# आपकी आपातकालीन विभाग विज़िट

प्रशिक्षित दुभाषिए नि:शुल्क उपलब्ध हैं। यदि आपको दुभाषिए की आवश्यकता है, तो कृपया स्टाफ के किसी सदस्य को बताएँ।

**मुझे कितनी देर तक प्रतीक्षा करनी होगी?**

- आपातकालीन विभाग (ईडी) में प्रतीक्षा का समय इस पर निर्भर करता है:
  - \> आपको और दूसरों को कितनी तत्काल देखभाल की आवश्यकता है (ट्राइएज स्तरों के बारे में जानकारी के लिए पृष्ठ 6 देखें)।
  - \> ईडी कितना व्यस्त है।
  - \> क्या कोई बड़ी आघात घटना हुई है।
- जब आपको देखा जाता है, तो आपको जांचों (जैसे एक्स-रे या लैब जांच) की या किसी विशेषज्ञ के पास दिखाने की आवश्यकता हो सकती है। जब आप देखे जाने के लिए प्रतीक्षा कर रहे/ही हों, तो कृपया कुछ खाएँ या पिएँ नहीं। यदि आपके पास कोई प्रश्न हैं, तो कृपया ट्राइएज नर्स से बात करें।
- **यदि आपकी स्थिति बदल जाती है या आप बिना दिखाए ही ईडी छोड़कर जाने का निर्णय लेते/ती हैं, तो कृपया स्टाफ के किसी किसी सदस्य से बात करें।**

- **आप खुद को सबसे अच्छी तरह से जानते/ती हैं। यदि आपकी स्थिति में कोई बदलाव आता है, तो कृपया जल्द से जल्द ईडी देखभाल टीम के किसी सदस्य को बताएँ।** यदि आपके ईडी में कोई रोगी पक्ष-समर्थक उपलब्ध है, तो अपनी स्थिति में इन बदलावों के बारे में तुरंत उनके साथ बात करें।

**हम इस बात के लिए आपको पुरजोर बढ़ावा देते हैं कि आप ट्राइएज के बाद स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता को दिखाने के लिए प्रतीक्षा करें।**

## ईडी में आने पर मैं क्या उम्मीद कर सकता/ती हूं?

- आपके आने के तुरंत बाद एक ट्राइएज देखभाल प्रदाता द्वारा आपकी जांच की जाएगी। वे किसी भी स्थिति के लिए आपका आकलन करेंगे, जैसे गंभीर संक्रमण, स्ट्रोक, या मानसिक स्वास्थ्य चिंता। वे:
  - > आपसे यहाँ आने का कारण पूछेंगे।
  - > आपकी सांस, नाड़ी, रक्तचाप और तापमान की जाँच करेंगे।
  - > आपसे पूछेंगे कि क्या आपको कोई स्वास्थ्य समस्या है।
  - > आपसे पूछेंगे कि क्या आप कोई दवाई(याँ) (प्रिस्क्रिप्शन या ओवर-द-काउंटर) ले रहे/ही हैं।
  - > आपकी स्वास्थ्य-संबंधी जानकारी मांगेंगे, ताकि आपकी देखभाल में मार्गदर्शन मिल सके।

यदि आवश्यक हो, तो वे आपको अपने दर्द के स्तर को 0 से 10 के पैमाने पर दर्जा देने के लिए कह सकते हैं। "0" का अर्थ है कोई दर्द नहीं और "10" का अर्थ आपके लिए अभी तक का सबसे बुरा दर्द है।

- आपके आकलन के आधार पर आपको 1 और 5 के बीच एक ट्राइएज स्कोर दिया जाएगा। यह संख्या तय करती है कि लोगों को किस क्रम में देखा जाता है। सबसे गंभीर समस्याओं वाले लोगों को अक्सर सबसे पहले देखा जाता है।
- हम कैनेडियन ट्राइएज एँड एक्यूटी स्केल (सीटीएएस) का उपयोग एक मार्गदर्शिका के रूप में करते हैं, ताकि इस बात का आकलन किया जा सके कि जब कोई व्यक्ति ईडी में आता है तो वह कितना बीमार है। इससे यह सुनिश्चित होता है कि जिन रोगियों को कोई जीवन-घातक बीमारी या चोट लगी हो, उन्हें पहले देखा जाए।
- ईडी की स्वास्थ्य देखभाल टीम के किसी सदस्य को कृपया बताएँ कि क्या आपके पास एक व्यक्तिगत देखभाल निर्देश (पीडी) या उन्नत देखभाल निर्देश है।
- कृपया आवश्यक देखभाल सहयोगियों (ईसीपी) की संख्या 1 या 2 तक सीमित करें।

## कोई अन्य व्यक्ति मुझसे आगे क्यों जा रहा है?

- लोगों को आवश्यकता के क्रम में देखा जाता है।
- किसी को देखकर यह बताना हमेशा संभव नहीं होता है कि वह कितना बीमार है। ठीक दिखाई देने वाले किसी व्यक्ति पर तुरंत ध्यान देने की आवश्यकता हो सकती है।

- कुछ लोगों को प्रतीक्षालय से ईडी टीम के अलग-अलग सदस्यों द्वारा देखे जाने के लिए बुलाया जाता है। वे किसी अन्य स्टाफ सदस्य या विशेषज्ञ की प्रतीक्षा करने के लिए प्रतीक्षा क्षेत्र में लौट सकते हैं।
- कुछ ईडी में, मामूली चोट या बीमारी वाले लोगों का उपचार ईडी के अंदर या बाहर एक अलग क्षेत्र में किया जा सकता है। इन लोगों को ईडी के किसी दूसरे क्षेत्र में प्रतीक्षा करनी पड़ सकती है।

## प्रतीक्षालय लगभग खाली है। मुझे प्रतीक्षा क्यों करनी पड़ रही है?

- प्रतीक्षालय लगभग पूरा खाली हो सकता है, लेकिन:
  - यह संभव है कि ईडी में किसी को जीवन की रक्षा करने वाली देखभाल मिल रही है।
  - अन्य रोगी किसी दूसरे ईडी प्रतीक्षालय में देखे जाने की प्रतीक्षा कर रहे होंगे, जो आपको दिखाई नहीं दे रहे हैं।

## क्या एम्बुलेंस से आने वाले लोगों को देखभाल जल्दी मिलती है?

- एम्बुलेंस से आने वाले लोगों को भी उसी तरह से ट्राइएज किया जाता है। हर किसी को अपने ट्राइएज स्तर के अनुसार देखभाल की प्रतीक्षा करनी होती है।
- एम्बुलेंस से आने वाले लोगों को अपना स्ट्रेचर छोड़ने और प्रतीक्षा कक्ष में प्रतीक्षा करने के लिए कहा जा सकता है।

**प्रियजन और आवश्यक देखभाल सहयोगी (ईसीपी)**

- हम जानते हैं कि आपके प्रियजन और ईसीपी आपके उपचार और बहाली का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।
- आप अपने साथ कितने प्रियजनों या सहयोगियों को ला सकते हैं, इस बारे में नियम बदल सकते हैं। यहाँ आने पर कृपया दिए गए दिशानिर्देशों का पालन करें।
- यदि आवश्यक हो, तो आपके ईसीपी को कुछ विशेष प्रक्रियाओं के दौरान बाहर जाने के लिए कहा जा सकता है।
- सभी मरीजों और सहयोगियों से अनुरोध है कि वे आपातकालीन विभाग में मौजूद होने के समय दूसरों की गोपनीयता का सम्मान करें।

**सम्मानजनक कार्यस्थल (आचार संहिता)**

हम रोगियों, कर्मचारियों या आगंतुकों के प्रति हिंसा, गाली-गलौज, धमकियाँ या मौखिक दुर्व्यवहार सहन नहीं करेंगे।

यदि ऐसा होता है, तो आपको मौखिक चेतावनी दी जाएगी। यदि व्यवहार जारी रहता है, तो आपको ईडी के कर्मचारी, सुरक्षा और/या पुलिस द्वारा बाहर जाने के लिए कहा जाएगा।

# ट्राइएज स्तर

**स्तर 1**

- उदाहरण के लिए:
  - > आपका दिल धड़कना बंद हो गया है।
  - > आपको जीवन-घातक आघात हुआ है।
  - > आपके शरीर में स्ट्रोक के लक्षण हो रहे हैं।
- आपका तुरंत इलाज किया जाएगा।

**स्तर 2**

- उदाहरण के लिए:
  - > आपके शरीर में दिल का दौरा पड़ने के लक्षण दिख रहे हैं।
  - > आप बेहोश हैं।
  - > आपको सांस लेने में काफी परेशानी हो रही है।
  - > आपको गंभीर (बहुत अधिक) रक्तस्राव हो रहा है।

**स्तर 3**

- उदाहरण के लिए:
  - > आपके सिर में चोट लगी है, गहरा घाव है, या आपकी आंख या कान में कोई बाहरी वस्तु चली गई है।
  - > आपके सीने में दर्द हो रहा है, जो दिल की किसी ज्ञात समस्या से संबंधित नहीं है।
  - > आपके शरीर में गंभीर संक्रमण के लक्षण हैं।
  - > आपको तत्काल मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताएँ हो रही हैं।

**स्तर 4**

- उदाहरण के लिए:
  > आपकी पीठ, हाथ या पैर में दर्द हो रहा है, या कोई घाव है।

**स्तर 5**

- उदाहरण के लिए:
  > आपके गले में खराश, कान में संक्रमण, मामूली घाव या गांठ(ठें) हैं।
  > आपको दवाइयों की आवश्यकता है।
  > यह एक रिटर्न विज़िट है।

**ईडी के अलावा अन्य संसाधन**

- अपने प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता (पारिवारिक चिकित्सक या नर्स प्रैक्टिशनर) के साथ एपॉइंटमेंट लें या किसी वॉक-इन क्लिनिक, या तत्काल उपचार केंद्र पर जाएँ।
- **यदि आपका कोई प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता नहीं है, तो आप प्रांतीय प्रतीक्षा सूची में शामिल हो सकते/ती हैं:**
  > फोन: 811
  > https://needafamilypractice.nshealth.ca/
- आप दिन में 24 घंटे, सप्ताह के 7 दिन अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रश्नों के बारे में किसी रजिस्टर्ड नर्स से बात करने के लिए 811 पर कॉल कर सकते/ती हैं।

- आपके समुदाय में सामुदायिक फार्मेसी देखभाल क्लिनिक हो सकता है, जो अलग-अलग तरह की सेवाएँ प्रदान कर सकता है। अपने क्षेत्र में खोजने के लिए:
  > अपनी स्थानीय फार्मेसी को कॉल करें।

**फार्मेसी एसोसिएशन ऑफ नोवा स्कोशिया**

> फोन: 902-422-9583

**दिन में 24 घंटे, सप्ताह में 7 दिन मानसिक स्वास्थ्य समर्थन के लिए:**
**प्रांतीय मानसिक स्वास्थ्य और व्यसन संकट लाइन**

> फोन (नि:शुल्क): 1-888-429-8167
> https://mha.nshealth.ca/en

**आत्महत्या संकट हेल्पलाइन**

> फोन: 988

**याद रखें:**

- अपने पास पर्याप्त मात्रा में प्रिस्क्रिप्शन दवाइयाँ रखना सुनिश्चित करें, विशेषकर सप्ताहाँतों, छुट्टियों और अवकाशों में।
- आपके फार्मासिस्ट गैर-आपात दवाइयों के बारे में प्रश्नों (जैसे माइग्रेन, फ्लू जैसे लक्षण, और प्रिस्क्रिप्शन रिन्यूअल व रिफिल) में आपकी मदद कर सकते हैं।
- यदि आपको पुरानी या लंबे समय तक चलने वाली (जीवन-पर्यंत) बीमारी है, तो अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता के साथ अपने नियमित एपॉइंटमेंट्स पर जाएँ। उनसे पूछें कि आपकी चिकित्सीय स्थिति में कौन से बदलाव होने पर आपको तुरंत चिकित्सीय ध्यान की आवश्यकता होगी।

**होम फर्स्ट और डिस्चार्ज योजना**

- यदि आपको ईडी में आने के बाद अस्पताल में भर्ती किया जाता है, तो यह महत्वपूर्ण है कि आप तुरंत अपने घर जाने की योजना बनाना शुरू कर दें। यह संभव है कि आपको अभी घर जाने के लिए तैयार महसूस न हो। हमारी टीम यह सुनिश्चित करने के लिए आपके साथ मिलकर काम करेगी कि आपको घर जाने के लिए आवश्यक समर्थन मिलता है।
- हम जानते हैं कि अधिकांश लोगों के लिए उनका घर ही वह जगह है, जहाँ वे रहना चाहते हैं।
- होम फर्स्ट इस बारे में है:
  - > आपके घर वापस जाने के लक्ष्य वाली एक डिस्चार्ज योजना बनाना।
  - > आपको घर पर रहने के लिए आवश्यक देखभाल प्रदान करना।
- हम जानते हैं कि आपके लिए सभी आवश्यक कार्यक्रमों और सेवाओं को ढूंढना और उन्हें लागू करना तनावपूर्ण हो सकता है। **कृपया होम फर्स्ट के रेफरल के लिए पूछें।** हम आपके क्षेत्र में उपलब्ध कार्यक्रमों और सेवाओं के साथ आपको जोड़ सकते हैं।
- यदि आपको इनमें से किसी बात का सामना करना पड़ रहा है, तो हम आपके लिए सबसे अच्छे अगले कदम का पता लगाने में आपकी सहायता कर सकते हैं:
  - > आप ऐसे स्वास्थ्य परिवर्तनों का सामना कर रहे/ही हैं, जो आपकी आवश्यकताओं को पूरा करने की आपकी क्षमता को प्रभावित करते हैं।

**या**

  - > आप अपने किसी प्रियजन की मदद कर रहे/ही हैं जो अस्पताल से घर लौटना चाहता है, लेकिन उन्हें ऐसा करने में सहायता की आवश्यकता है।
- हम आपको घर पर समर्थन देने के सबसे अच्छे तरीके खोजने के लिए आपके और आपके प्रियजनों के साथ मिलकर काम करते हैं।

## मेरी ईडी विज़िट

### रोग-निदान

- आज मैंने किससे मुलाकात की?________________________________

### जाँचें और उपचार

- आज मेरे लिए कौन सी जाँचें या उपचार किए गए?

  ☐ रक्त जाँच ☐ स्कोप
  ☐ सीटी स्कैन ☐ अल्ट्रासाउंड
  ☐ ईसीजी/ईकेजी ☐ एक्स-रे
  ☐ आईवी (अंतःशिरा) ☐ अन्य: ________________
  ☐ एमआरआई

- परिणाम: ________________________________________________

### दवाइयाँ

- मुझे पता है कि ईडी में मुझे कौन सी दवाइयाँ दी गई हैं:

  ☐ हाँ ☐ नहीं ☐ पूछें

- मुझे पता है कि मुझे उन सभी दवाइयों की एक सूची देने की आवश्यकता है, जो मैं लेता/ती हूं:

  ☐ हाँ ☐ नहीं ☐ पूछें

- यदि मुझे कोई प्रिस्क्रिप्शन(न्स) दिए जाते हैं, तो मैं इन्हें प्राप्त कर सकता/ती हूं:

  ☐ हाँ ☐ नहीं ☐ पूछें

**फॉलो-अप**

- मुझे पता है कि क्या मुझे फॉलो-अप की आवश्यकता है और मुझे क्या करना चाहिए।

  ☐ हाँ ☐ नहीं ☐ पूछें

- मुझे डिस्चार्ज के लिए लिखित निर्देश मिले हैं।

  ☐ हाँ ☐ नहीं ☐ पूछें

अन्य: ______________________________________________

**संसाधनों की खोज करने में निम्नलिखित संगठन आपकी सहायता कर सकते हैं, ताकि आपको अस्पताल से डिस्चार्ज या घर पर देखभाल में समर्थन मिल सके:**

**कैयरगिवर्स नोवा स्कोशिया**

> http://caregiversns.org/
> फोन (नि:शुल्क): 1-877-488-7390
> ईमेल: info@CaregiversNS.org

**211**

> www.ns.211.ca
> फोन: 211
> ईमेल: help@ns.211.ca
> टेक्स्ट: 21167
> सोमवार से शुक्रवार, सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक ऑनलाइन लाइव चैट उपलब्ध है।

**निरंतर देखभाल कोर्डिनेटर**

- निरंतर देखभाल कोर्डिनेटर ऐसी सेवाओं की व्यवस्था में सहायता करता है, जिनकी आवश्यकता आपको घर जाने पर हो सकती है। और अधिक जानकारी के लिए कृपया यह पत्रक पढ़ें: *Continuing Care – Important Information for You*:
    - > www.nshealth.ca/patient-education-resources/2120

**रोगी और परिवार फीडबैक (पेशियंट रिलेशन्स)**

यदि आपके पास कोई प्रशंसाएँ या चिंताएँ हैं, तो आप:

- सीधे अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता या विभाग प्रबंधक के साथ इन्हें साझा कर सकते/ती हैं।
- पेशियंट रिलेशन्स से संपर्क कर सकते/ती हैं:
    - > फोन (नि:शुल्क): 1-844-884-4177
- और अधिक जानकारी के लिए *Your Rights and Responsibilities* पत्रक की एक प्रति मांगें, या यहाँ जाएँ:
    - > www.nshealth.ca/patient-education-resources/0466

**मेरी स्वास्थ्य देखभाल टीम के लिए प्रश्न:**

CLEAR FORM

इस पत्रक का उद्देश्य केवल शिक्षा के प्रयोजन से है। इसका उद्देश्य स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता की सलाह या पेशेवर निर्णय की जगह पर लिया जाना नहीं है। यह जानकारी संभावित रूप से सभी स्थितियों में लागू नहीं भी हो सकती है। यदि आपके पास कोई प्रश्न हैं, तो कृपया अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से पूछें।

यह पत्रक और हमारे सभी रोगी संसाधन यहाँ से प्राप्त करें:
https://www.nshealth.ca/patient-education-resources?language=hindi

नोवा स्कोशिया में किसी भी समय रजिस्टर्ड नर्स से संपर्क करें:
811 पर कॉल करें या यहाँ जाएँ: https://811.novascotia.ca

*तैयारकर्ता:* आपातकालीन देखभाल और गुणवत्ता सुधार एवं सुरक्षा कार्यक्रम
*इनके द्वारा डिज़ाइन किया गया:* नोवा स्कोशिया स्वास्थ्य पुस्तकालय सेवाएँ
(Nova Scotia Health Library Services)

HI85-2586 © February 2024 Nova Scotia Health Authority
To be reviewed February 2027 or sooner, if needed.
Learn more: https://library.nshealth.ca/patient-education-resources